समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# पुणे मे एंकतरफा प्यार का खौफनाक अंजाम : युवती पर दरांती से हमला, आरोपी ने पहाड़ी पर लगाई फांसी

Sanket Morankar Published on 13 Mar 2026



महाराष्ट्र के Pune जिले के Junnar में एकतरफा प्रेम से जुड़ी एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने शादी के प्रस्ताव को ठुकराने से नाराज होकर एक कॉलेज छात्रा पर दरांती से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि आरोपी ने घटना के बाद आत्महत्या कर ली।

## क्या है पूरा मामला ?

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान Mahesh Damse के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसे पीड़ित युवती से एकतरफा प्रेम था और वह उससे शादी करना चाहता था।

हालांकि युवती ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने हमले की साजिश रची और मौका मिलते ही युवती पर हमला कर दिया।

## कॉलेज जाते समय किया हमला

जानकारी के मुताबिक यह घटना बुधवार सुबह की है। युवती अपने हॉस्टल से कॉलेज जा रही थी। इसी दौरान सरकारी अस्पताल के पीछे के इलाके में आरोपी ने उसे रोक लिया।

इसके बाद उसने अपने साथ लाई दरांती से युवती के सिर और चेहरे पर कई वार किए। गंभीर रूप से घायल युवती वहीं सड़क पर गिर पड़ी। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया।

## आरोपी ने बाद मे कंर ली आत्महत्या

हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान गुरुवार सुबह एक पहाड़ी इलाके में

उसकी बाइक मिली।

बाइक से कुछ दूरी पर आरोपी का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## युवती की हालत गंभीर

हमले में घायल युवती को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उसे आईसीयू में रखा गया है।

इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच की जा रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.